>

Title: Regarding ban of Bauxite mining and to promote tourism in Jashpur, Raigarh.

श्रीमती गोमती साय (रायगढ़) : आदरणीय सभापति महोदय जी, जय जोहार । मैं मेरे लोक सभा क्षेत्र के एक जिले जशपुर की समस्या से आपको अवगत कराना चाहती हूं । जिला जशपुर का बगीचा सन्ना, मनोरा, पहाड़ी पाठ क्षेत्र में आता है । जहां बाहुल्यता आदिवासी समाज निवास करते हैं । हमारे पहाड़ी पाठ क्षेत्र में पर्यटन की बहुत संभावनाएं हैं । वहां कैलाश गुफा, राजपुरी, जल प्रपात, रानीदाह, दनगरी वॉटरफॉल, पंड्रापाठ जैसे बहुत ही अच्छे पर्यटन क्षेत्र हैं । परंतु पूरे क्षेत्र में बॉक्साइट के खनन हेतु कई सर्वे चल रहे हैं । इसके साथ ही पाठ क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर आदिवासियों की ज़मीनें औने-पौने दाम पर खरीदी जा रही हैं । बॉक्साइट के खनन से पाठ की प्राकृतिक सौंदर्यता खत्म हो जाएगी । इसके साथ ही आदिवासी भाइयों को बहुत मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा ।

माननीय महोदय जी, मेरा आपसे यह निवेदन है कि जशपुर जिले के पाठ क्षेत्र में बॉक्साइट खनन पर रोक लगाई जाए और पर्यटन स्थल को बढ़ावा दिया जाए ।